गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर 24 जुलाई, 2023 विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एल्यूमिनाई सेल (पी.टी.ए.ए.) के तत्वाधान में **प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी के 1973 बैच (एम०टेक०) के एल्यूमिनाई डा० रामेश्वर एस. कंवर** द्वारा डा० एच० एस० चौहान, भूतपूर्व प्रौफेसर कृषि अभियांत्रिकी एवं अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सम्मान में **चौहान–कंवर उत्कृष्ट परामर्शदाता – परामर्शप्राप्तकर्ता पुरस्कार** प्रारम्भ करने की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से एम०टेक० एवं पी०एचडी0 कर रहे छात्र/छात्राओं को गाइड कर रहे संकाय सदस्यों को सम्मानित किया जायेगा। इस पुरस्कार के लिए डा० कंवर द्वारा रुपये पॉच लाख का चैक, कॉरपस फन्ड के रुप में, एल्यूमिनाई सेल (पी.टी.ए.ए.) को प्रदान किया जिसको पी.टी.ए.ए. की तरफ से महासचिव, पी.टी.ए.ए., डा. विनोद कुमार द्वारा ग्रहण किया गया।

अधिष्ठात्री, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा अशोक द्वारा डा० रामेश्वर एस. कंवर का आभार व्यक्त किया एवं पी.टी.ए.ए. महासचिव, डा० विनोद कुमार को डा० रामेश्वर एस. कंवर के साथ मिलकर दिशानिर्देश तैयार कर इस पुरस्कार को जल्द शुरु करने हेतु निर्देशित किया गया।